## एक नजर

### डीसी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, कोषागार पदाधिकारी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के बालमुकुंद लोहरा, भाजपा के शंकर प्रजापति, राजद के सुनील कुमार, आजसू पार्टी के विलियम कुजूर समेत निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### कंबल का वितरण

**भंडरा।** भंडरा पंचायत में जरूरतमंदों के बीच सोमवार को मुखिया इंद्रदेव उरांव ने लगभग एक सौ से अधिक गरीब, असहाय, वृद्ध व लाचार लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। मौके पर इसराफिल अंसारी, रतनी उराव आदि मौजूद थे।

### पांच मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन

**कुडू।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को मजिस्ट्रेट सह जिला सहकारिता पदाधिकारी अंजनी प्रसाद ने कुडू प्रखण्ड क्षेत्र के पांच मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया। प्रसाद ने बताया कि टाटी पंचायत क्षेत्र के टाटी, दोबा, बरटोली, टाकू और कुंदों के मतदान केंद्र संख्या 129, 130, 131, 132 और 133 पर मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया गया है। मौके पर कुडू थाना के पुअनि संजय सिंह उपस्थित थे।

### निकाली प्रभातफेरी

**कुडू।** स्कूल में बच्चों की उपस्थिति में बढ़ाने और ड्रॉप आउट बच्चों को दोबारा लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए कार्यक्रम सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ के तहत सोमवार को बुनियादी विधालय कुडू के बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। पोषक क्षेत्र के टोला-मोहल्ला का भ्रमण किया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मदेव प्रसाद, शिक्षिका उर्मिला कुमारी, सीमा कच्छप मौजूद थे।

### शव की शिनाख्त नहीं

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत बढकी चापी क्षेत्र के कलवा ढोंढा शमशान घाट से कुडू पुलिस ने करीब 50 वर्षीय एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया था। इस महिला की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। शिनाख्त के लिए महिला का शव पोस्टमार्टम गृह रांची में रखा गया है। शिनाख्त न होने से महिला की मौत की गुत्थी उलझी हुई है। चिकित्सकों की माने तो प्रथम दृष्टया महिला की मौत ठंड लगने से हुई होगी। रविवार की शाम पुलिस को बढकी चापी में महिला का शव पड़े होने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। शव की शिनाख्त की कोशिशें की जा रही है।

### उपायुक्त ने की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि, आत्मा, कृषक पाठशाला, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान आदि की बैठक हुई। सर्वप्रथम जिला कृषि पदाधिकारी की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में वितरण किये गये रबी अंतर्गत गेहूं, मक्का, चना, बीज के वितरण, कृषि ऋण माफी में सही किये गये व सत्यापित किये गये आंकड़ों की जानकारी दी गई। केसीसी के आवेदन बैंक स्तर पर लंबित और रिजेक्ट किये गये आवेदनों की जानकारी दी गई। केसीसी कम स्वीकृत करने वाले बैंक प्रबंधक पर आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेश दिये गये।

---

केंद्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ पुलिस मेंस एसोसिएशन लोहरदगा शाखा का चुनाव

# जेवियर अध्यक्ष, रूपनारायण सचिव व कोषाध्यक्ष बीरेंद्र बने

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

न्यू पुलिस लाइन बक्सीडीपा में झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन लोहरदगा शाखा का चुनाव केंद्रीय एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में केंद्रीय सदस्य सहित पांच पदों के लिये किया गया। अध्यक्ष पद के लिये जेवियर लुगुन, गोपाल गंझू और शिवशंकर मुर्मू कुल तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें 246 वोट पाकर जेवियर लुगुन विजयी हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद में श्याम रंजन सिंह, दिलीप उरांव और सुशीला देवी कुल तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें श्याम रंजन सिंह 254 वोट प्राप्त कर विजयी हुए। सचिव पद के लिये भरत महतो, दीपक कुमार सिंह, रूपनारायण महतो, पासिंग दिग्गी और बिगनी लकड़ा पांच उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें रूपनारायण महतो 273 वोट लाकर विजयी हुए। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिये विरेन्द्र कुमार सिंह, सूर्यनन्दन कुमार और अमित मुंडा तीन लोगों ने नामांकन किया था, जिसमें विरेन्द्र कुमार सिंह 351 वोट लाकर जीत हासिल किये। संयुक्त सचिव के लिये संतोष कुमार सिंह, अर्जुन महतो, ललित साहु, सुकुमार महतो तथा परमेन्द्र कुमार ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें संतोष कुमार सिंह 199 वोट प्राप्त कर जीते। साथ ही केंद्रीय सदस्य के लिये अशोक, बैजनाथ तिर्की और इकबाल का चुनाव किया गया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के अलावे केंद्रीय एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सह चुनाव पभारी चन्द्रशेखर महतो, सरफराज खान मौजूद थे। वही विजयी प्रत्याशियों को पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर, सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।



# आगामी लोस चुनाव को लेकर नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवादाता। गुमला**

आगामी लोकसभा चुनाव के निमित सोमवार को विकास भवन सभागार में अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विभिन्न कोषांगों के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारियों को चुनाव संबंधित तैयारियों के निमित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, एक्सपेंडिचर मोनिटरिंग, मीडिया कंप्लेंट, एमसीएमसी पेड न्यूज, ईवीएम एंड वीवीपैट, इलेक्शन मैटेरियल,पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस काउंटिंग व डिक्लेरेशन आफ रिजल्ट आदि विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान डीसी एलआर गुमला के द्वारा सभी को पेड न्यूज एवं मीडिया कोषांग अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं के संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को सी विसिल एप,वोटर हेल्पलाइन एप आदि जैसे चुनाव के दौरान नियमित मॉनिटर किये जाने वाले एप के संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सी विजिल एप में कोई भी व्यक्ति आचार संहिता के उलंघन के संबंधित वीडियो एवं फोटो अपलोड कर सकता है जिसे टीम के द्वारा मॉनिटर करने के 1 घंटे के अंदर उसपर कार्रवाई की जा सकती है। वहीं गंभीर मामलों पर 2 दिनों का समय लेकर उस मामले के जांच एवं करवाई होगी। इसके पश्चात सीओ गुमला द्वारा ईवीएम एवं वीवीपीएडी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। एवं चुनाव तथा उससे पूर्व ईवीएम एवं वीवीपीएडी का किस प्रकार से उपयोग किया जा सकता है उसके बारे में बताया गया। वहीं जिला स्तरीय ईवीएम मशीन के ट्रेनर के द्वारा मशीन का प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दिया गया तथा सभी को प्रैक्टिकली किस प्रकार से काम किया जाता है उससे संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इसी के साथ अन्य मुख्य बिंदुओं पर भी प्रशिक्षण देने के साथ साथ बिंदुवार विषयों पर परिचर्चा हुई। इस दौरान मौके पर एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, डीसी एलआर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।



# प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थियों को डीएफओ ने किया मार्गदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिला मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा पुस्तकालय में छात्र छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य हेतु प्रतियोगिता परीक्षा के निमित जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी बेलाल अनवर के द्वारा कैरियर काउंसिलिंग सेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएफओ ने वहां उपस्थित छात्र /छात्राओं के सवालों को सुना और उन्होंने एक एक कर सभी प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

प्रश्नोत्तर कार्यक्रम में अभियार्थियों ने उनके प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए। आपको बता दें कि जिला स्तरीय केंद्रीय बिरसा मुंडा पुस्तकालय में जिला अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नियमित रूप से इस प्रकार के करियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिले के वरीय अधिकारियों एवं जिले बुद्धिजीवियों को बुलाया जाता है एवं उनके द्वारा अभ्यार्थियों का करियर काउंसलिंग किया जाता है। इस प्रकार के कार्यक्रम से ना केवल अभ्यार्थियों ने मन में नए चीजों को जानने की जिज्ञासा होती है, बल्कि अधिकारियों से मिलकर सवाल करने एवं सही मार्गदर्शन भी प्राप्त करने का अवसर मिलता है जिससे की अभियार्थियों को प्रतिदिन मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है।



## गांव-गांव वितरित हो रहा है अयोध्या से आया पूजित अक्षत

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुरकी तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत चावल और पत्रिका का वितरण करते हुए 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लाला के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मलित होने के लिये आम जनों को निमंत्रण दिया गया। जय श्री राम समिति के सदस्यों और पदाधिकारीयों द्वारा पूरे ग्राम घूम घूम कर पूजित अक्षत व निमंत्रण का वितरण कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिये सभी आग्रह किया गया। मौके पर सतीश यादव, अजय साहु, रवि जायसवाल, महावीर साहु, फग्यवा यादव विपिन जसवाल, रोहित यादव, मनोज साहु, दयाननद यादव, प्रकाश साहु, नीरज यादव, सोमरा भगत, नरेन्द्र यादव सहित अन्य सहित सैकड़ों महिला पुरुष एवं पाहन पुजार उपस्थित थे।

## भंडरा में 70 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोरंदा घासीया टोली निवासी 70 वर्षीय रामां उरांव पिता स्व जलस उरांव की मृत्यु फांसी लगने से हो गई। इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह अपने घर में अकेले रहता था। बीती रात रामा अपने घर में अपनी धोती के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा**
Phone- 06541-223994,E-mail-electonoffice.chatra@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार EVMs & VVPAT के जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय में जिला सूचना जनसम्पर्क कार्यालय, चतरा एवं दोनों विधानसभा हेतु दोनो अनुमण्डल कार्यालयों में EVM Demonstration Center (EDC) की स्थापना की गई है, जो दिनांक–10.01.2024 से लोकसभा आम चुनाव–2024 की घोषणा तक कार्यरत रहेगा। साथ ही Mobile Demonstration VAN के माध्यम से दोनों विधानसभा के प्रत्येक मतदान केन्द्र, शिक्षण संस्थान/हाट–बाजार इत्यादि स्थलों पर EVM & VVPAT के जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया जाना है जिसमें सिमरिया विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक–10.01.2024 से 23.02.2024 एवं चतरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक–10.01.2024 दिनांक–26.02.2024 तक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR315435 (Election)23-24*D


# केवाईसी के नाम पर ठगी का गोरखधंधा

**कुडू।** केवाईसी के नाम पर भोले भाले ग्रामीणों को ठगने का नया गोरखधंधा शुरू किया गया है। जिसमें हमीदनगर कुडू राशन डीलर की भूमिका की चर्चा जोरों पर है। सूचना मिली है कि हमीदनगर एवं टाटी पंचायत का जनवितरण प्रणाली के डीलर ने अपने उपभोक्ताओं को कहा कि केवाईसी कराने के लिए एक फोटो, बैंकपास बुक की छाया प्रति साथ में दो सौ रुपया जमा करना है। सूचना है कि कई भोले भाले लोगों ने जमा भी कर दिया है। लेकिन उन्हें किसी प्रकार की पावती रसीद नहीं दी गई है।

सवाल यह कि उपभोक्ताओं को राशन देने वक्त पॉश मशीन पर उपभोक्ताओं से अंगूठे का निशान लिया जाता है। इससे बड़ा केवाईसी क्या होता है। ज्ञात हो कि जनवितरण प्रणाली डीलरों की एक जनवरी 2024 से काम बंद हड़ताल है। राशन वितरण का काम ठप्प है। ऐसे में केवाईसी का कार्य हरेक के समझ से परे है। जब जनवितरण प्रणाली के डीलरों से जानने का प्रयास किया तो एक राशन डीलर ने आश्चर्य व्यक्त किया। ऐसी कोई योजना मेरी जानकारी में नहीं है। इसकी सूचना जिलाध्यक्ष झामुमो मोज्जमिल अहमद को मिली तो उन्होंने इस तरह का मामला निंदनीय है। साथ हीं उन्होंने कहा अगर कोई लिखित शिकायत मिलता है तो उस जनवितरण विक्रेता को दंडित किया जाएगा।

# राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की नारों से गूंजा मन्हो

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

हिंदुओं के प्राण मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु अयोध्या से आये पूजित कलश एवं अक्षत के साथ सदर प्रखंड के मन्हो गांव में हिंदुओं के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्री विशाल एवं केदार नाथ के तीर्थ पुरोहित सत्य प्रकाश पंडा, विश्व हिंदू परिषद के विभाग अध्यक्ष लाल ओंकार नाथ शाहदेव व गांव के पुरोहित पंडित विभाकर पाठक, पाहन सूरजा उरांव, पूजार सिंघा उरांव, राज किशोर उरांव के नेतृत्व में गांव के मंदिर बिल्वेश्वर महादेव, देवी मंडप, सरना स्थल, देशवाली स्थल, महावीर स्थान आदि देवस्थानों पर देवी देवताओं को निमंत्रित किया गया। शोभा यात्रा के रूप में ढोल नगाड़े शंख,घंट की ध्वनि के साथ जय श्री राम..... राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की ....आदि नारों के साथ सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। अयोध्या से पूजित अक्षत एवं श्री राम जी की मंदिर का कैलेंडर के साथ घर घर निमंत्रित किया जा रहा है। गांव वालों ने सुनिश्चित किया है कि आगामी 20 जनवरी शनिवार को गांव की महिलाओं के द्वारा कोयल नदी से कलश यात्रा कर पवित्र जल से बिल्वेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। साथ ही इस्कॉन रांची टीम के शची नंदन प्रभु जी के अगुवाई में ग्रामीणों के द्वारा अखंड हरी कीर्तन किया जाएगा। 22 जनवरी 2024 को बिल्वेश्वर महादेव में सामूहिक रूप से विजय महामंत्र का गण एवं प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा व रात्रि में भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में संघ के जिला सेवा प्रमुख प्रणव कुमार पाठक , लाल विवेक नाथ शाहदेव, लाल गौतम लाल, रणधीर लाल, पुरुषोत्तम लाल, रुद्रनाथ, अनूप सिंह, सुरेश महली, राम उरांव, अघमन उरांव, अविनाश उरांव, घांसी राम, अमरेश राम, पवन पाठक, जितेंद्र राम, जयप्रकाश राम, कोलंबस राम, लाल बीर प्रताप, शौर्य प्रताप ,लाल सिद्धार्थ, दृश्य सहदेव, श्रीनिका भवानी सिंह, अष्टमी लोहार, बुधराम लोहार आदि लोग शामिल हुए।




**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11/2023–24**

नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय उपयोग हेतु निम्नाकिंत सामग्रियों का कय किया जाना है। इच्छुक प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान के फर्म/सवेदक/आपूर्तिकर्ता/थोकबिक्रेता से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नवत है:–

| Sl. No. | Particulars | Security Fees | Tender Fee | Last date and time of submission of document | Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | AIR CONDITIONER 2 Ton, Five Star with Stablizer Outer radiator tube in copper Make- Voltas and others | 40000.00 | 5000.00 | Date 17.01.2024 Time 2.30 P.M. | Date 17.01.2024 Time 3.30 P.M. |
| 02 | DESKTOP Latest Version , I5 Processor with UPS Make- H.P. , DELL & OTHERS | | | | |
| 03 | EXECUTIVE CHAIR Make- Godrej and others | | | | |
| 04 | REVOLVING CHAIR Make- Godrej and others | | | | |
| 05 | NORMAL CHAIR Make- Godrej and others | | | | |
| 06 | EXECUTIVE TABLE Make- Godrej and others | | | | |
| 07 | OFFICIAL TABLE Make- Godrej and others | | | | |
| 08 | ALMIRAH Two door steel Make- Godrej and others | | | | |
| 09 | WATER COOLEN 150 ltr, Dubble Tap | | | | |
| 10 | WATER PURIFIER (R.O) Aquaguard & others | | | | |
| 11 | XEROX MACHINE Canon, and others | | | | |
| 12 | COMPUTER TABLE | | | | |
| 13 | EXECUTIVE SOFA Official Use | | | | |
| 14 | CCTV CAMRA With 16 Channel DVR and others all fittings | | | | |

नियम एवं शर्त :–

1. निविदादाता को निविदा के साथ उपरोक्त कय किये जाने वाले सामग्रीयों के लिए सुरक्षित जमा राशि (Security Money) का बैंक ड्राफट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, लातेहार के पदनाम से निर्गत हो, अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
2. निविदादाता को निविदा के साथ निविदा शुल्क की राशि का बैंक ड्राफट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, लातेहार के पदनाम से निर्गत हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात ही निविदादाता के निविदा को मान्य समझा जायेगा।
3. निविदाकार को निविदा के साथ कम्पनी से प्राप्त ISO 9001 का प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना होगा, प्रतिष्ठित कम्पनी ISI मार्क एवं ISO मार्क को प्राथमिकता दी जायेगी। निविदादाताओं को इस प्रकार के आपूर्ती कार्य का अनुभव होने पर प्राथमिकता दी जायेगी।
4. निविदाकार को सरकार से उपरोक्त मदों में प्राप्त आवंटन के अनुसार सामाग्रीयों की आपूर्ति करने हेतु आदेश दिया जायेगा। उपरोक्त आपूर्ति की जाने वाली सामाग्रीयों की संख्या घट या बढ सकती है। साथ ही उपरोक्त मद में सरकार से आवंटन प्राप्त होने के उपरांत ही भुगतान किया जायगा।
5. निविदाकार को अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, पैन कार्ड एवं GST प्रमाण पत्र 3B Return एवं प्रतिष्ठान का निबंधन एवं मशीन की कम्पनी का नाम एवं (Specification) के साथ विस्तृत विवरण (रंगीन कैटलॉग), देना अनिवार्य होगा।
6. निविदा में उपरोक्त कय किये जाने वाले सामाग्रियों का दर सभी कर (Tax) सहित तथा नगर पंचायत कार्यालय परिसर, लातेहार में पहुचाने तथा टेस्ट करना सम्मलित होगा।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्व करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। जिसे कहीं भी चुनौती नहीं दी जायेगी।
8. निविदादाता को आपूर्ति की जाने वाली संयत्रों/सामाग्रीयों का सही संचालन के उपरान्त कनीय अभियंता नगर पंचायत लातेहार से जॉच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर ही विपत्र का भुगतान किया जायेगा।
9. निविदाकार को उपरोक्त सामाग्रीयों की आपूर्ति के पश्चात् एक वर्ष तक इसके रख–रखाव एवं मरम्मति की जबाबदेही होगी एवं इस पर होने वाले व्यय उनके द्वारा वहन किया जायेगा। सुरक्षित राशि के रूप में जमा की गई 05 प्रतिशत की राशि की वापसी आपूर्ति किये गये मशीन के सही संचालन के उपरान्त एक वर्ष के बाद किया जायेगा।
10. निविदाकार को सभी सामाग्रीयो की आपूर्ति निर्गत कार्यादेश से 20 दिनों के अन्दर करना अनिवार्य होगा , अन्यथा सुरक्षित जमा राशि जब्त कर ली जायगी।
11. निविदा का निष्पादन नगर पंचायत, लातेहार के निविदा समिति द्वारा किया जायेगा। समिति को आवश्यकता महसूस होने पर सामाग्रीयों का Presentation आदि का भी निदेश निविदादाता को दिया जा सकता है।
12. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार न्यायालय में ही मान्य होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 315454 Urban Development(23-24).D


**पहल** — यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

# ‘बच्चे निरंतर विद्यालय आएं, सपनों को उड़ान दें’

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड के नौडीहा चौक स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार, विशिष्ट अतिथि व विद्यालय के निदेशक बीके पांडेय ने किया।

मौके पर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के खेल का आयोजन करना सराहनीय कार्य है। इस तरह के आयोजन से बच्चों के मन में छिपी प्रतिभा को निखरने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि बच्चे निरंतर विद्यालय आएं और अपने मां बाप के सपनों को उड़ान दें। थाना प्रभारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। खेल से मानसिक और बौद्धिक विकास में वृद्धि होती है। युवा चाहे तो खेल में भी अपनी प्रतिभा की बदौलत केरियर बना सकते है। विद्यालय के निदेशक बीके पांडेय ने कहा कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारना ही विद्यालय परिवार का उद्देश्य है। बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रतिवर्ष वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिससे बच्चों में किताबी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद मैं भी निपुण किया जा सके। 13 जनवरी को प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा इस दौरान अतिथियों व विद्यालय के निदेशक ने खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रसस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर बीके पांडेय, बबीता पांडेय, रामलाल महतो ,योग कुमार पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य रमेश शर्मा, खेल प्रभारी मनोज कुमार राम, सुब्बु परवीन, कुसुम, इन्द्रदेव, मुसादिक, रेखा अग्रवाल, सिमरन मितल, फलक कपरवीन, चन्द्र किशोर भगत, ब्रजेश झा, आरती तिर्की काजल कुमारी काजल रजक, नुतन रोय, मनिषा कुमारी, मनिषा शर्मा सहित शिक्षक व काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।



